बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग, बिहार, पटना

प्रेस विज्ञप्ति

आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या–01/2019 के अंतर्गत पुलिस अवर निरीक्षक एवं अन्य पदों की रिक्तियों पर नियुक्ति हेतु दिनांक–22.12.2019 को अभ्यर्थियों की प्रारम्भिक परीक्षा ली गयी थी जिसका परीक्षाफल दिनांक–28.01.2020 को जारी किया गया।

कुछ लोगों द्वारा परीक्षा में धांधली होने की झूठे, निराधार एवं गैर जिम्मेदाराना आरोप लगाकर अभ्यर्थियों एवं सर्वसाधारण को दिग्भ्रमित करने एवं परीक्षा की प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है। इन लोगों द्वारा जुलूस एवं प्रदर्शन के माध्यम से विधि–व्यवस्था की समस्या भी उत्पन्न की जा रही है।

उपरोक्त विज्ञापन संख्या–01/2019 के सम्बन्ध में सर्वसाधारण की जानकारी के लिए सूचित करना आवश्यक प्रतीत होता है कि यह नियुक्ति प्रक्रिया याचिका संख्या–183/2016 मनीष कुमार बनाम भारत सरकार एवं सी0डब्लू0जे0सी0 संख्या–6995/2019 के आलोक में माननीय उच्च न्यायालय, पटना की निगरानी में सम्पन्न की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा इसके सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय, पटना में प्रगति प्रतिवेदन समर्पित किया जाता है। पुलिस बल की रिक्तियों को भरने हेतु कार्य योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में यह नियुक्ति प्रक्रिया की जा रही है जिसे अगस्त–2020 तक पूरा किया जाना है जबकि द्वितीय चरण में पुलिस अवर निरीक्षकों की शेष रिक्तियों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जून–2021 तक पूरी की जानी है। माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा निर्धारित समय–सीमा के अंतर्गत नियुक्ति के कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेवारी आयोग पर है। तदनुसार आयोग द्वारा निर्धारित समय के पूर्व ही नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

विशेष कार्य पदाधिकारी